

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस

PATWAR

HIGH COURT

रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF

BANK

SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS

शिक्षक
Ist ग्रेड

REET
I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 5 December 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 5 दिसंबर का इतिहास

- **1657 :** शाहजहां के छोटे बेटे मुराद ने खुद को बादशाह घोषित किया।
- **1812 :** नेपोलियन बोनापार्ट रूस में भारी पराजय और नुकसान का सामना करने के बाद फ्रांस लौटे।
- **1946 :** भारत में होमगार्ड संगठन की स्थापना हुई।
- **1950 :** सिक्किम भारत का संरक्षित राज्य बना।
- **1971 :** भारत ने बांग्लादेश को एक देश के रूप में मान्यता दी।
- **1943 :** जापानी हवाई जहाज ने कोलकाता पर बम गिराया।

## 5 दिसंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- यस बैंक ने शुरूआत तौर पर जेसी फ्लॉवर्स एआरसी में 9.9 फीसदी हिस्सेदारी खरीद ली हैं। लेंडर ने कहा कि उसकी इस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी में और 10 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की योजना हैं। यस बैंक की जेसी फ्लॉवर्स के साथ पार्टनरशिप में इस एआरसी में एक माइनॉरिटी शेयरहोल्डर के रूप में रहने की योजना है। यस बैंक मुख्य कारोबार का सहायक होगा।
- इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड ने भारत का पहला मछलियों का वैक्सीन विकसित करने के लिए केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान के साथ हाथ मिलाया। यह वैक्सीन मीठे पानी की मछलियों को सामान्य जीवाणु रोगों से बचाएगा। यह कॉलनेरिस रोग और एडवर्ड सिलोसिस के लिए निष्क्रिय जीवाणु टीकों के लिए प्रौद्योगिकी प्रदान करेगा। मीठे पानी की मछलियों में दोनों रोग बहुत आम हैं और इन्हें सर्वव्यापी माना जाता है। आईसीएआर के तहत विभिन्न मात्स्यिकी संस्थानों से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ, आईआईएल टीके और इम्युनोस्टिममुलेंट विकसित करने की योजना बना रहा है।
- केंद्र सरकार ने G-20 समूह की भारत की अध्यक्षता के पहले दिन को चिन्हित करने के लिए G-20 प्रतीक चिन्ह के साथ देश में 100 स्मारकों को रोशन करने का निर्णय लिया है। इंडोनेशिया में जी-20 बाली शिखर सम्मेलन के दौरान इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने सांकेतिक रूप से प्रधानमंत्री मोदी को जी-20 का अध्यक्ष पद सौंपा था। लेकिन आधिकारिक तौर पर भारत जी-20 की अध यक्षता संभालेगा। भारत 1 दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक जी-20 की अध्यक्षता करेगा।
- स्टेट ऑफ ग्लोबल वाटर रिसोर्सेज 2021 की रिपोर्ट के अनुसार लगभग 3.6 बिलियन लोग प्रति वर्ष कम से कम एक महीने के लिए अपर्याप्त जल पहुंच का सामना कर रहे हैं। 2050 तक इस संख्या के 5 अरब से अधिक तक पहुंचने का अनुमान है। रिपोर्ट में जलवायु, पर्यावरण और सामाजिक परिवर्तन के प्रभावों का आकलन किया गया है।
- फोर्ब्स ने भारत के 100 सबसे अमीर शख्सियतो की लिस्ट में गौतम अडानी शीर्ष पर हैं जबकि मुकेश अंबानी को दूसरा स्थान मिला है।
- भारत के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक के बोर्ड ने 2022-23 के दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड जारी करके 10,000 करोड़ रूपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बैंक ने कहा कि वह 2022-23 के दौरान पब्लिक इश्यू या प्राइवेट प्लेसमेंट के जरिए 10,000 करोड़ रूपये तक के इंफ्रास्ट्रक्चर बांड जारी करेगा। इंफ्रास्ट्रचर सेक्टर की कंपनियों को कर्ज मुहैया कराने में किया जाएगा।
- मीडिया फर्म नई दिल्ली टेलीविजन लिमिटेड की प्रमोटर कंपनी आरआरपीआर होल्डिंग ने कहा कि उसने अपनी इक्विटी पूंजी के 99.5 प्रतिशत शेयरों को अडानी समूह के स्वामित्व वाली विश्वप्रधान कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित कर दिया है। अडानी इंटरप्राइजेज ने अपने एक बयान में कहा कि एनडीटीवी अडानी समूह की सहायक कंपनी वीसीपीएल को अपनी 99.5 प्रतिशत इक्विटी जारी करने के लिए सहमत है।
- समाचार चैनल एनडीटीवी के वरिष्ठ कार्यकारी संपादक रवीश कुमार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। रवीश कुमार एनडीटीवी के सबसे लोकप्रिय चेहरे में शुमार किए जाते हैं। पत्रकारिता जगत में अपने योगदान के लिए रवीश कुमार साल 2019 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किए जा चुके हैं। इसके अलावा उन्हें दो बार रामनाथ गोयनका उत्कृष्टता पुरस्कार से भी नवाजा गया।
- नीति आयोग ने कार्बन संकलन, उपयोग और भंडारण नीति के ढांचे और भारत में इसके लागू करने की व्यवस्था शीर्षक से एक अध्ययन रिपोर्ट जारी किया। इस रिपोर्ट में चुनौतीपूर्ण उद्योगों को कार्बनरहित बनाने के माध्यम से उत्सर्जन को कम करने के तरीके के रूप में कार्बन संकलन, उपयोग और भंडारण के महत्व के बारे में पता लगाया गया है।
- भारतीय लालफीताशाही को समाप्त करने के उद्देश्य से सहरसा बिहार का पहला जिला बन गया जिसे पेपरलेस घोषित किया गया।
- असम 10 मासिक किश्तों में महिला स्नातकोतर छात्रों को सालाना 10000 रूपये प्रदान करेगा।
- 2022-23 की दूसरी तिमाही में भारत की जीडीपी 6.3% बढ़ी।
- सुदर्शन प्रहार अभ्यास राजस्थान में आयोजित किया गया।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. अंतर्राष्ट्रीय स्वयं सेवक दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 4 दिसंबर (B) 5 दिसंबर
(C) 6 दिसंबर (D) 7 दिसंबर

**(B)** अंतर्राष्ट्रीय स्वयं सेवक दिवस हर साल 5 दिसंबर को मनाया जाता है। इस दिवस को सर्वप्रथम संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1986 में मनाया गया था। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य है किसी भी राष्ट्र तथा वहां के लोगों का आर्थिक एवं सामाजिक विकास। अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस संगठन से जुड़े लोगों को अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय स्तर पर सेवा के माध्यम से अपना पहचान बनाने का अवसर प्रदान करता है।




**2. विश्व मृदा दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 5 दिसंबर (B) 6 दिसंबर
(C) 7 दिसंबर (D) 8 दिसंबर

**(A)** हर साल 5 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व मृदा दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वस्थ मिट्टी के महत्व के बारे में जागरूक करना है। जीवन को बनाए रखने वाली मिट्टी विभिन्न मात्राओं में मिश्रित कार्बनिक पदार्थो, खनिजों, व अन्य योगिकों से बनती है।




**3. मार्च 2024 तक टाटा के स्वामित्व वाली एयर इंडिया में किस एयरलाइन का विलय किया जाएगा ?**

(A) पहले जाओ (B) इंडिगो
(C) विस्तारा (D) स्पाइसजेट

**(C)** विस्तारा एयलाइंस का टाटा के स्वामित्व वाली एयर इंडिया में विलय किया जाएगा। सिंगापुर एयरलाइंस और टाटा समूह मार्च 2024 तक एयर इंडिया और विस्तारा को विनियामक अनुमोदन के अधीन विलय करने पर सहमत हुए हैं। सिंगापुर एयरलाइंस 250 मिलियन डॉलर या रूपये का निवेश करेगी। इस एकीकरण के पूरा होते ही एयर इंडिया में 2000 करोड़ रूपये का असेंट और बढ़ जाएगा।




**4. हाल ही में किस देश के ग्रेट बैरियर रीफ को विश्व धरोहर के रूप में सूचीबद्ध किया जाएगा ?**

(A) न्यूजीलैंड (B) ऑस्ट्रेलिया
(C) फ्रांस (D) अमेरिका

**(B)** ऑस्ट्रेलिया के ग्रेट बैरियर रीफ को विश्व विरासत स्थल के रूप में सूचीबद्ध किया जाएगा। दुनिया का सबसे बड़ा प्रवाल भिति पारिस्थितिकी तंत्र जलवायु परिवर्तन और महासागरों के गर्म होने से काफी प्रभावित हुआ है। ऑस्ट्रेलिया की हाल ही में चुनी गई सरकार ने रीफ की रक्षा के लिए आने वाले वर्षो में 1.2 बिलियन डॉलर खर्च करने का संकल्प लिया है।



**5. प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र पहल का एंबेसडर किसे नामित किया गया है ?**

(A) नीरज चोपड़ा (B) अमिताभ बच्चन
(C) पीवी सिंधु (D) दीपा मलिक

**(D)** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भारत की पैरालंपिक समिति की अध्यक्ष दीपा मलिक को निक्षय मित्र के एंबेसडर के रूप में नामित किया है। निक्षय मित्र पहल टीबी पीड़ित रोगियों को पोषण, अतिरिक्त निदान एवं व्यावसायिक सहायता के तीन स्तरों पर सहायता प्रदान करने का प्रयास करती है। उन्होंने निक्षय मित्र के रूप में स्वयं 5 टीबी रोगियों को गोद लिया है।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

**6. यूपी की पहली महिला पुलिस आयुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया है ?**

(A) सुजाता सिंह (B) नीरा रावत
(C) लक्ष्मी सिंह (D) नीति द्विवेदी

**(C)** उत्तर प्रदेश सरकार ने आईपीएस अधिकारी लक्ष्मी सिंह को गौतम बुद्ध नगर पुलिस प्रमुख के रूप में नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के साथ लक्ष्मी सिंह उत्तर प्रदेश में पुलिस आयुक्तालय की प्रमुख बनने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं।



**7. पुरूषों के विश्व कप खेल में पहली महिला रेफरी कौन बनी ?**

(A) स्टेफनी फ्रापार्ट (B) योशमिनी यमाशिता
(C) सलीमा मुकनसांगा (D) कतेरीना मंजुल

**(A)** फ्रांस की स्टेफनी फ्रापार्ट फीफा विश्व कप के इतिहास में पुरूषों के टूर्नामेंट में मैच में रेफरी बनने वाली पहली महिला बन गई। वह कतर के अल बायत स्टेडियम में कोस्टा रिका और जर्मनी के मैच में रेफरी बनी। फ्रापार्ट लीग 1 और UEFA चैंपियंस लीग गम में रेफरी करने वाली पहली महिला भी थीं।



**8. हाल ही में किस कंपनी ने मुंबई की धारावी पुनर्विकास परियोजना की 5069 करोड़ की बोली जीती है ?**

(A) टाटा समूह (B) आदित्य बिड़ला समूह
(C) डीएलएफ (D) अदानी समूह

**(D)** अडाणी समूह 259 हेक्टेयर में फैली धारावी पुनर्विकास परियोजना के लिये सबसे बड़ी बोलीदाता के रूप में उभरी है। परियोजना के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एस.वी.आर श्रीनिवास ने कहा कि समूह ने दुनिया की सबसे बड़ी झोपड़पट्टी में से एक के पुनर्विकास के लिए 5,069 करोड़ रूपये की बोली लगाई।





**9. वैज्ञानिकों ने किस देश में बर्फ में दबे 48,500 साल पुराने जॉम्बी वायरस को पुनर्जीवित किया है ?**

(A) जॉर्जिया (B) रूस
(C) डेनमार्क (D) आइसलैंड

**(B)** फ्रांस के वैज्ञानिकों ने रूस में जमी हुई झील के नीचे दबे 48,500 साल पुराने जॉम्बी को फिर से जीवित किया है। यूरोपीय शोधकर्ताओं ने रूस के साइबेरिया क्षेत्र में वैज्ञानिकों ने 13 नए रोगजनकों को पुनर्जीवित किया और उनकी विशेषता बताई, जिसे उन्होंने जॉबी वायरस का नाम दिया है।



**10. भारतीय कला और संस्कृति के संदर्भ में भावगीत किस राज्य से संबंधित है ?**

(A) उत्तराखंड (B) उत्तरप्रदेश
(C) गुजरात (D) कर्नाटक

**(D)** भावगीत कर्नाटक के सबसे महत्वपूर्ण लोक संगीत में से एक है। भावगीत का शाब्दिक अर्थ है-अभिव्यक्ति का संगीत। इसलिए गायक की अभिव्यक्ति, संगीत के इस रूप को सबसं महत्वपूर्ण पहलू है। इस संगीत रूप की विषय वस्तु प्रकृति, प्रेम, दर्शन आदि से संबंधित है। समकालीन संगीतकारों और गायकों ने प्रख्यात कन्नड़ लेखकों और कवियों द्वारा लिखी गई कविताओं को शामिल करके इसे पुनर्जीवित किया है।

